तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026


12 शंकराचार्य का चातुर्मास सलधा में, आयोजन समिति ने...



12 पश्चिम बंगाल फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ ...






## खबर संक्षेप

### देवरानी ने जेठानी के साथ की मारपीट

**महासमुंद।** देवर और देवरानी के बीच हो रहे विवाद को सुलझाने गई जेठानी के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी महिला के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सीताराम सिन्हा और उसकी पत्नी ज्योति सिन्हा आपस में विवाद कर रहे थे। इसी दौरान सीताराम ने अपने बड़े भाई भागवत सिन्हा को फोन करके बताया कि उसकी पत्नी ज्योति सिन्हा गाली गलौज कर रही है। इसके बाद भागवत सिन्हा अपनी पत्नी लक्ष्मी सिन्हा के घर उनको समझाने के लिए गए। इस दौरान आरोपी ज्योति सिन्हा ने अपनी जेठानी लक्ष्मी सिन्हा के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी महिला के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### सूने घर से नगदी व ज्वेलरी चोरी

**महासमुंद।** सोनापुटी में एक सूने घर से नगदी व ज्वेलरी की चोरी होने की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया जानकी पटेल नेबताया कि वह गमेश पटेल की कमाई के 50000 रुपए उसने अपने कमरे की आलमारी में रखाथा। 20 जुलाई को प्रार्थिया सुबह लगभग 10 बजे अपने पोते को स्कूल भेजकर घर में दरवाजा पर ताला लगाकर खेत गई थी। जब वह लगभग 10.30 बजे अपने घर वापस आई तो देखा कि कमरे और आलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था और आलमारी में रखे 50000 रूपये एवं एक नग सोने का खिनवा कीमत लगभग 10000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शराब की बिक्री कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** महुआ शराब की अवैध रूप से बिक्री कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध अपराध कायम किया गया है। पुलिस न बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम तिलकपुर रोड आम पेड़ के नीचे में आरोपी हेमसागर चौहान पिता श्रीराम चौहान (32 साल) तिलकपुर थाना बसना बिक्री के लिए शराब रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीबन 07 लीटर देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया वहीं दूसरे मामले में ग्राम तिलकपुर रोड पलसा पेड़ के नीचे में आरोपी शिव कुमार चौहान पिता टीकाराम चौहान (36 साल) तिलकपुर के कब्जे से करीबन 08 लीटर देशी हाथ भट्ठी की महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद किया गया। इन मामलों में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

# अस्पताल में प्रसूता की मौत, जांच कमेटी गठित, दो दिन में आएगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रसव के दो दिन बाद जिला अस्पताल में महिला की मौत मामले में कलेक्टर ने जांच कमेटी गठित करते हुए दो दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी है। इस संबध में जानकारी देते हुए अस्पताल प्रबंधन ने बताया है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला का आपरेशन सामान्य रहा था और उसके बाद महिला को प्रसव संबंधी कोई परेशानी नही थी।

इधर, परिजनों ने आरोप लगाया है कि रात के समय अस्पताल में कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था और पूरा वार्ड केवल नर्सिंग स्टाफ के भरोसे था। समय पर उचित उपचार नहीं मिलने के कारण ही प्रसूता की मौत हुई है। प्रबंधन की मानें तो महिला को प्रसव संबंधी कोई परेशानी नही थी। सिर में दर्द होने की शिकायत होने पर मौजूदा कर्मियों ने आवश्यक दवाएं भी दी थी। प्रबंधन द्वारा प्रसव तथा ऑपरेशन में किसी प्रकार की लापरवाही होने की बात से इंकार किया है।

बता दें कि ग्राम मोखा, बागबाहरा निवासी योगिता चंद्राकर (35 वर्ष) पति गुलशन चंद्राकर को 17 जुलाई को जिला



अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव संबंधी जटिलता के चलते 18 जुलाई को उनका ऑपरेशन किया गया था। परिजनों के मुताबिक ऑपरेशन के बाद दो दिनों तक उनकी स्थिति सामान्य बनी हुई थी और स्वास्थ्य में सुधार भी था। मृतका के पति गुलशन चंद्राकर ने बताया कि रविवार देर रात से योगिता की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। सिर, पेट और कमर में तेज दर्द होने के कारण वह लगातार परेशान थीं। स्थिति गंभीर होती देख उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ से चिकित्सक को बुलाने की मांग की। परिजनों का आरोप है कि केवल नर्सिंग स्टाफ ही मौजूद था और वही उपचार संबंधी कार्य कर रहा था। और रातभर महिला दर्द से कराहती रहीं। बाद में हालत और गंभीर हो गई। बताया गया कि महिला को ऑक्सीजन सपोर्ट भी दिया गया। लेकिन, इसके बावजूद स्थिति नियंत्रण में नहीं आ सकी। सोमवार तड़के करीब 4 बजे योगिता ने दम तोड़ दिया।

0 अस्पताल अधीक्षक डॉ. बसंत महेश्वरी का कहना है कि प्रसूता के मस्तिष्क तथा हार्ट में ब्लड क्लॉट होने की वजह से उसकी मृत्यु हुई है। संभवतः यह समस्या महिला को पहले से रही होगी। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में ब्लड क्लॉटिंग की वजह से मृत्यु होना पाया गया। अस्पताल में महिला को प्रसव और ऑपरेशन संबंधि कोई समस्या नही थी।

## कार्रवाई: मामले को लेकर पूर्व में कोमाखान थाने में किया था अपराध दर्ज

# गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी युवक ओडिशा से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बीते दिनों पांच लाख रुपए से ज्यादा के गांजा जब्ती के मामले में जिले की पुलिस ने एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया। मामले को लेकर पूर्व में कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर गांजा परिवहन करने वाले को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश के तहत जिले में पुलिस के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच थाना कोमाखान, अपराध क्रमांक 75/26, धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में महासमुंद पुलिस को गांजा उपलब्ध कराने वाले मुख्य सोर्स को जिला बलांगीर (ओडिशा) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि




19.05.2026 को वाहनों की चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक लाल काले रंग की बाइक में सवार आरोपी राजकुमार उर्फ राजू निवासी साल्हेभाठा के पास से 10.190 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया था। जिसे वह पटनागढ़ जिला बलांगीर (ओडिशा) से दीनबंधु नाम के व्यक्ति से खरीदकर बागबाहरा जिला महासमुंद के आसपास बेचने के लिए ला रहा था। जिस पर कोमाखान पुलिस द्वारा 10.190 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त कर आरोपी गांजा परिवहनकर्ता के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। मामले की जांच के दौरान गांजा उपलब्ध कराने वाले मुख्य सोर्स की पतासाजी एवं सायबर टीम के द्वारा टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर दीनबंधु कुम्हार पिता कुमार कुम्हार (37 साल) निवासी पंडामुंडा थाना पटनागढ़ जिला बलांगीर ओडिशा को उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### 60 लीटर महुआ शराब बरामद

अवैध शराब बनाने, बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 20 जुलाई को सरायपाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम डुडुमचुंवा (नाला के पास) महुआ शराब बेचने ग्राहकों के इंतजार में खड़ा है। सूचक द्वारा बताये गये रास्ते व स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम दयाराम बरिहा पिता सुंदर (52 वर्ष) डुडुंगचुंवा थाना सरायपाली का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे प्लास्टिक के दो ड्रमों में भरे महुआ शराब 60 लीटर (कीमत 12000 रुपए) को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।



# सुशील होंगे जिले के नए एएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



प्रशासनिक आधार पर गृह पुलिस विभाग द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के 92 अधिकारियों का तबादला आदेश जारी हुआ। जारी आदेश के अनुसार जिले में बतौर एएसपी पदस्थ प्रतिभा तिवारी का तबादला सेनानी, 2री वाहिनी छसबल सकरी, बिलासपुर के पद पर किया गया। नारायणपुर के एएसपी सुशील कुमार नायक को जिले के नए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक होंगे। वहीं एसडीओपी स्तर पर हुए बदलाव के तहत सरायपाली एसडीओपी ललिता मेहर को उपपुलिस अधीक्षक आईयूसीएडब्ल्यू का भार सौंपा गया है। जशपुर एसडीओपी चंद्रशेखर परमा को सरायपाली की जिम्मेदारी मिली। नवा रायपुर के उप पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार देवांगन को बागबाहरा के नए एसडीओपी होंगे। तथा उप पुलिस अधीक्षक अजाक क्राइम अजय शंकर त्रिपाठी का तबादला एसडीओपी मरवाही के पद पर हुआ। पुलिस मुख्यालय रायपुर एसआईए से गोपाल सिंह धुर्वे को महासमुंद का नया उप पुलिस अधीक्षक यातायात बनाया गया।

### पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मारपीट

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप के सेल्समैन के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सांकरा थाने में तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि रामा एचपी फ्यूल में बाइक में पेट्रोल भराने के बाद पैसा देने में आनाकानी करते हुए तीन अज्ञात लोगों ने यहां काम करने वाले सेल्समैन तरूण यादव पिता सुरेश यादव के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट किया। प्रार्थी तरूण ने पुलिस को बताया कि 20 जुलाई की रात करीबन 12.50 बजे के आसपास तीन अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में पेट्रोल भराने के बाद पैसा देने में आनाकानी करने लगे, जब उनसे पैसे की बात को लेकर बहस हुई, तब जाकर किसी दूसरे व्य क्ति से फोन पे में 150 रुपए का पेमेंट कराए और चले गए, 10 मिनट बाद वापस आकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी से पैसा छीनने का प्रयास करने लगे, नहीं देने पर मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। जनदर्शन में खैरखुर्द के ग्रामीणों ने गांव के शासकीय हाई स्कूल में निर्धारित शुल्क से अधिक फीस लेने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर विनय लंगेह ने तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच के लिए कहा। इसी तरह पिथौरा विकासखंड के ग्राम नवागांव कला की धनेश्वरी पटेल ने अपनी छोटी दुकान को बढ़ाने स्वरोजगार ऋण के संबंध में आवेदन दिया। वहीं ग्राम रुमेकेल के मनोज महानंद ने अपनी माता के उपचार के लिए संजीवनी सहायता राशि का आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर लंगेह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन के संबंध में कार्रवाई करने को कहा। ग्राम पंचायत भोरिंग के ग्रामीणों ने भोरिंग से अछोला मार्ग में सुधार के आवेदन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, नामान्तरण, भूमि अतिक्रमण, पेंशन सहित अन्य मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# सिटी बस की टक्कर से घायल बैंककर्मी यशवंत का इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राजधानी में सिटी बस की टक्कर से

- यशवंत रायपुर स्थित एक बैंक में कार्यरत थे। घटना 7 जुलाई की है, परिवार में शोक

गंभीर रुप से घायल महासमुंद निवासी 26 वर्षीय यशवंत झुलपे का इलाज के दौरान मृत्यू हो गई। यशवंत रायपुर स्थित एक बैंक में कार्यरत थे। घटना 7 जुलाई की है, उस दिन वे बैंक से अपने आवास की ओर जा रहे थे। दुर्घटना के बाद रायपुर के नारायणा अस्पताल में उपचार चल रहा था। हालत गंभीर होने पर उन्हें डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 21 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई को शाम करीब 7:30 बजे यशवंत अपने कार्यालय से रायपुर स्थित निवास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सिटी बस के चालक द्वारा कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी गई। दुर्घटना के बाद यशवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद बस चालक मौके से फरार हो गया।

हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए रायपुर स्थित नारायणा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी था। बताया गया कि 20 जुलाई को यशवंत को नारायणा अस्पताल से डीकेएस अस्पताल स्थानांतरित किया गया, जहां उपचार के दौरान 21 जुलाई को शाम करीब 4 बजे उनका निधन हो गया।

युवा बैंककर्मी के असमय निधन की खबर से महासमुंद स्थित उनके परिवार और परिचितों में शोक की लहर है। यशवंत झुलपे सुभाष नगर, वार्ड क्रमांक 21, महासमुंद निवासी संतोष झुलपे के 26 वर्षीय पुत्र थे। उनके बड़े पिता छन्नूलाल झुलपे महासमुंद में डिप्टी कलेक्टर के पद पर सेवाएं दे चुके हैं, जबकि उनके चाचा सितोष कुमार झुलपे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय में शिक्षक हैं।

## लोककला, संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में यादव समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

# यादव महासम्मेलन एवं सामाजिक भवन का हुआ लोकार्पण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के तत्वावधान में ग्राम बरौदा (रायपुर) में आयोजित प्रदेश स्तरीय आमसभा, यादव महासम्मेलन एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन के लोकार्पण समारोह हुआ। इस अवसर पर प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज के पदाधिकारी, मातृशक्ति, युवा, वरिष्ठजन एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवनिर्मित सामाजिक भवन के शिलापट्ट का अनावरण कर उसका विधिवत लोकार्पण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि यादव समाज का इतिहास अत्यंत गौरवशाली रहा है। भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलने वाला यह समाज सदैव सेवा, सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक संरक्षण का कार्य करता आया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध लोकसंस्कृति के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है और जब भी प्रदेश की संस्कृति की चर्चा होती है, तब यादव समाज के राउत नाचा एवं लोक परंपराओं का उल्लेख किए बिना वह चर्चा अधूरी रहती है।

कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब प्रत्येक व्यक्ति नशामुक्त जीवन



अपनाने का संकल्प ले। उन्होंने विशेष रूप से अपील की कि शादी-विवाह, छठी-बरही एवं अन्य सामाजिक आयोजनों में नशे का पूर्णतः त्याग किया जाए।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने समाज के महत्वपूर्ण सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की बड़ी आबादी होने के बावजूद समाज को उसकी जनसंख्या के अनुरूप नेतृत्व, प्रतिनिधित्व एवं सम्मान प्राप्त नहीं हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि रावत जाति को केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक पहल कर केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजी जाए, ताकि समाज के विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं आरक्षण का लाभ मिल सके। संगठन के विस्तार एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से विभिन्न प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। इसमें चन्दराम यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, तीरथ यादव प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ, राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष न्याय प्रकोष्ठ, मती सैलाना बीएल यादव प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, मानसाय यादव प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, हेमलाल यादव प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, बंशीलाल यादव पदेन प्रबंधकारिणी सदस्य शामिल है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, प्रदेश सचिव सुंदर यादव, प्रदेश संयुक्त सचिव मनोज यादव, कोषाध्यक्ष जीआर यादव, कार्यकारिणी सदस्य आरडी यादव, रंजीत यादव सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ एवं प्रदेशभर से आए समाजबंधुओं का प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज न्याय प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव ने दी है।

### पार्किंग से चोरी हुई बाइक रायगढ़ से बरामद

**महासमुंद।** शादी कार्यक्रम में शामिल होने आए एक व्यक्ति के बाइक चोरी के मामले में सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को मुकेश पटेल पिता श्वेत कुमार पटेल उम्र 29 साल निवासी वार्ड क्र. 14 बस्ती सरायपाली थाना सरायपाली ने बताया कि वह अपनी पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 9010 से 08.02.2026 को रात करीबन 08 बजे शादी कार्यक्रम में शुभा नर्सिंग हॉस्टल के पास बालसी गया था, गाड़ी को पार्किंग में खडा किया था, वापस करीबन 09 बजे आकर देखा तो बाइक उक्त जगह पर नहीं थी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि उसे कुछ दिन पूर्व चक्रधर नगर थाना जिला रायगढ से सूचना मिली कि बाइक को बरामद किया गया है। इस मामले की रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शिक्षकों को दी जाएगी मास्टर ट्रेनिंग, ताकि छूट सके बच्चों का रटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


नेशनल काउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग अर्थात एनसीईआरटी ने वर्तमान सत्र में 9वीं क्लास की नई किताब जारी की है। छात्रों को नई किताब पढ़ाने से पहले टीचर्स की 'मास्टर क्लास' लगाई जा रही है। सीबीएसई बोर्ड से जुड़े विद्यालयों के शिक्षकों के अलावा केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति के शिक्षक भी इसमें शामिल हो रहे हैं। दरअसल, नेशनल एजूकेशन पॉलिसी 2020 और नेशनल करिकुल फ्रेमवर्क फॉर स्कूल एजूकेशन 2023 के आधार पर नवमी कक्षा के नए पाठ्यक्रम के आधार पर कई विषयों की किताबें तैयार की गई हैं।

हरिभूमि सरोकार

## नवमी कक्षा में लागू किया गया है नया पाठ्यक्रम

### स्थानीय वस्तुओं को जगह

नई किताबों को इस तरह तैयार किया गया है कि छात्र केवल परिभाषाएं रटने के बजाय कॉन्सेप्ट को समझें और उन्हें लागू कर सकें। एक्सपेरिमेंटल लर्निंग के अंतर्गत सैद्धांतिक चीजों को रोजमर्रा के उदाहरणों, गतिविधियों और वास्तविक स्थितियों से जोड़ा गया है। विज्ञान और गणित में छात्रों की वैचारिक क्षमता बढ़ाने वाले सवाल शामिल किए गए हैं। इस बदलाव के जरिए लंबे समय से चली आ रही पारंपरिक परीक्षा पद्धति की जगह समय और स्किल बेस्ड असेसमेंट सिस्टम को अपनाया गया है। स्थानीय चीजों को भी इसमें शामिल किया गया है, ताकि छात्र इससे जुड़ सकें।




इनमें सामाजिक विज्ञान, कला शिक्षा, गणित और विज्ञान के साथ भाषाओं की अपडेटेड किताबें शामिल हैं। शिक्षकों को नई किताब के स्ट्रक्चर के साथ कक्षा में इन्हें पढ़ाने की तकनीक के बारे में भी बताया जाएगा।

सीबीएसई कुछ स्थानों में यह ट्रेनिंग ऑफलाइन मोड में आयोजित कर रहा है तो कुछ जिलों के शिक्षकों को यह ट्रेनिंग ऑनलाइन मोड में दी जाएगी। सीबीएसई के अनुसार, इस वर्कशॉप का उद्देश्य शिक्षक की तैयारी को मजबूत करना है, जो जुड़े हुए स्कूलों में बदले हुए करिकुलम को लागू करने में मदद करेंगे। बोर्ड ने कहा कि यह ट्रेनिंग शिक्षकों को नई किताबों के पीछे की शैक्षिक सोच को समझने और क्लासरूम में ऐसे तरीके अपनाने में मदद करेगी जो रटने के स्थान पर चीजों को समझने को बढ़ावा देते हैं।

## खबर संक्षेप



### फार्मेसी काउंसिल में भ्रष्टाचार की शिकायत राज्यपाल से कर जांच की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल में व्याप्त कथित वित्तीय भ्रष्टाचार, विधि-विरुद्ध निर्णयों, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग, साक्ष्यों से छेड़छाड़ किए जाने की शिकायत राज्यपाल रमेन डेका से की गई है। शिकायत में बताया गया है कि फार्मेसी काउंसिल के जिम्मेदारों ने की गई शिकायत पर साक्ष्यों से छेड़छाड़, बिना राज्य शासन की स्वीकृति के नियम में संशोधन, अध्यक्ष को नियम विरूद्ध वित्तीय लाभ, रजिस्ट्रार की व्यय सीमा में बढ़ोतरी, मानदेय में बिना नियम के संशोधन किया गया है। आरोप लगाया गया है कि इन घटनाओं से परिषद में वित्तीय अनुशासन का गंभीर ह्रास हुआ है। वैधानिक प्रावधानों की निरंतर अवहेलना की गई है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल के सदस्य भगत राम शर्मा, संदीप बजाज, पदेन सदस्य डा. राकेश गुप्ता, राज्यपाल से मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पिछले पांच वर्षों में समस्त प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों की राज्य सरकार के मुख्य सचिव द्वारा गठित स्वतंत्र उच्चस्तरीय समिति से जांच कराई जाए।

### अचानक कचना स्कूल पहुंचे बीईओ, बच्चों से लगवाई क्लास



**रायपुर।** कचना स्थित पूर्व माध्यमिक और प्राथमिक शाला में सोमवार को बीईओ अमित तिवारी अचानक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की उपस्थिति और ऑनलाइन हाजिरी की जांच की। इसके बाद उन्होंने खुद बच्चों की क्लास ली और पढ़ाई का स्तर परखा। कक्षा पांचवीं और आठवीं के छात्रों से सवाल-जवाब किए। इस दौरान बच्चों ने 15 और 16 का पहाड़ा फर्राटे से सुनाया, जिसकी बीईओ ने सराहना की। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पहली कक्षा में लेखन पूर्व अभ्यास के माध्यम से वर्णमाला सिखाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। साथ ही दिए जा रहे गृहकार्य की भी जांच की। बीईओ ने स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए और व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा।

### बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ 24 को कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ आम जनता में बढ़ते भारी आक्रोश और लगातार आ रहे अत्यधिक बिजली बिलों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने स्पष्ट मांग की है कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, उन्हें वहां से तुरंत निकाला जाए, नए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए और बढ़े हुए बिजली बिलों के मामलों की निष्पक्ष जांच कर उनका त्वरित निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि 24 जुलाई को राजीव गांधी चौक पर होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

### विवाद के बाद दोस्तों ने चाकू मारा, युवक घायल

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र के छत्तीसगढ़ नगर में चाकूबाजी की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को उसके ही दोस्तों ने विवाद के बाद चाकू मारा है। पुलिस के मुताबिक, चाकूबाजी की घटना में सनी पाल नामक युवक घायल हुआ है। सनी अपने साथी तामेश, विशाल तथा अपचारी बालक के साथ छत्तीसगढ़ नगर के खाली मैदान के पास बैठा था। इस दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक ने सनी पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। चाकू मारने वाले दोनों लड़के तथा नाबालिग को पुलिस ने पकड़ लिया है। पकड़े गए लड़कों के खिलाफ पूर्व में किसी भी तरह से कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

## समीक्षा : कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की बैठक

# आधार बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 30 सितंबर तक निःशुल्क सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक के पश्चात जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में आधार का मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाए। उन्होंने कहा कि अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए 30 सितंबर 2026 तक निःशुल्क सुविधा प्रदान किया गया है। इसके पश्चात 125 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाएगा।

कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का आधार बायोमेट्रिक अपडेट निर्धारित समय-सीमा के भीतर कराया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट समय पर नहीं कराने से हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग सेवाओं तथा अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए सभी पात्र बच्चों एवं उनके अभिभावकों को समय रहते आधार सेवा केंद्र अथवा अधिकृत आधार नामांकन एवं अपडेट केंद्र में पहुंचकर यह प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए प्रेरित किया जाए। कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों से कहा कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाकर पात्र बच्चों की सूची तैयार करें तथा 30 सितंबर 2026 की समय-सीमा के भीतर उनका अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 10 लाख 44 हजार 366 बच्चों का आधार पूर्ण हो गया है। वहीं एमबीयू के तहत 5 से 17 वर्ष आयु के 23 हजार 583 बच्चों का आधार अपडेट शेष है, जिसे अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत 0 से 5 वर्ष के बच्चों का विशेष अभियान चलाकर आधार पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं आपसी समन्वय कर निर्धारित तिथि तक पूर्ण करने कहा गया है।




## सरायपाली ब्लाक सारथी समाज के अध्यक्ष बने राजेंद्र



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ घासी घसिया सहिस सारथी समाज कल्याण समिति जिला महासमुंद अंतर्गत विकासखंड सरायपाली के लिए केआर सागर प्रांताध्यक्ष के दिशा निर्देशन में जिलाध्यक्ष तुलेंद्र सागर द्वारा सामाजिक नियमानुसार विकासखंड स्तरीय निर्वाचन का विधिवत अधिसूचना जारी किया गया। जिसके तहत अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए नाम निर्देशन अधिसूचना जारी किया गया था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार, कोषाध्यक्ष के एक उम्मीदवार एवं सचिव के एक उम्मीदवार ने नाम निर्देशन फार्म जमा किया गया। बाद में सचिव पद के लिए उदय कुमार सारथी ने अपना नाम निर्देशन वापस ले लिया। अध्यक्ष पद के लिए 19 जुलाई रविवार को ग्राम केजुवां सरायपाली में चुनाव हुआ। इस चुनाव में कुल तीन उम्मीदवार थे, जिसमें हरिशंकर मांझी कसडोल को 14 मत, उपेंद्र सोना चारभाठा को 115मत, राजेंद्र कुमार सहिस महलपारा सरायपाली को 335 मत प्राप्त हुए तथा 17 मत अविधिमान्य पाए गए। इस प्रकार कुल 481 मतदाता ने अपने मत का उपयोग किया। जिसमें राजेंद्र कुमार सहिस ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी पेंद्र सोना से 220 मतों से विजयी हुए। इसी तरह सुभाष बंछोर इच्छापुर वाले निर्विरोध ब्लाक कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। ब्लाक सचिव पद के लिए एक मात्र उम्मीदवार उदेकुमार सारथी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था, किंतु उनके द्वारा नाम वापस लिए जाने के कारण यह पद रिक्त रह गया है। चुनाव में मतदाताओं ने काफी उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लिया। मतदान को संपन्न कराने में समाज के जिलाध्यक्ष तुलेंद्र सागर, जिला सचिव जयकुमार सारथी, पर्यवेक्षक बसना ब्लाक अध्यक्ष आरएल बाघ, सरायपाली कार्यकारी ब्लाक अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी (सामाजिक) चंद्रसाय मांझी, पीठासीन अधिकारी सुरेश आस्तुरा, सुअरमाल बागबाहरा सचिव डिगेश सागर, पिथौरा ब्लाक अध्यक्ष तेज प्रकाश बंछोर, संरक्षक सीताराम बाघ, प्रकाश सांडे, बसना ब्लाक उपाध्यक्ष कीर्ति राम बेहरा, सचिव अशोक कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष नेहरु बेहरा, शंकर पांडे, सरायपाली ब्लाक संरक्षक कुमरमणि मांझी, युवा नेता टिंकू बाघ का विशेष सहयोग रहा। इस निर्वाचन में पुलिस थाना सरायपाली का भी विशेष सहयोग रहा। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष चंद्र साय मांझी ने आभार व्यक्त किया।



## आम आदमी पार्टी ने देश-प्रदेश की खुशहाली एवं समरसता के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी महासमुंद द्वारा देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और सामाजिक समरसता की कामना को लेकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। महासमुंद विधानसभा के ग्राम बावनकेरा स्थित मुंगई माता प्रांगण में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में विधानसभा प्रभारी संजय यादव और जिला महासचिव मधुराम यादव के मार्गदर्शन एवं खल्लारी विधानसभा के कोमाखान में विधानसभा प्रभारी सकील खान, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश जैन के मार्गदर्शन में हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आप नेताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश दिया।

## सहकारी समिति कर्मचारी, धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के विभिन्न सहकारी समितियों के कर्मचारी, लिपिक, सेल्समैन, सोसाइटी प्रबंधक, आपरेटर से लेकर चौकीदार, समिति के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी और संविदा कर्मचारियों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर हल्ला बोला। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर किए गए प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन और रैली में बड़ी संख्या में सहकारी समिति कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर अपने परिवारजनों के साथ शामिल हुए। प्रदेश भर के 17 हजार सहकारी समिति कर्मचारी और धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटरों ने अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

## पशु क्रूरता निवारण समिति की हुई बैठक, कलेक्टर लंगेह ने पशु संरक्षण के लिए दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पशुओं के संरक्षण, उनके प्रति क्रूरता की रोकथाम तथा पशु कल्याण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति के सदस्यगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित समिति के सदस्य एवं अशासकीय सदस्य भी मौजूद थे।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की जिम्मेदारी तय करते हुए सभी संबंधित विभागों को मुख्य मार्गों और सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को हटाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर लंगेह ने कहा कि सड़कों पर विचरण कर रहे मवेशियों पर रेडियम पट्टी लगाई जाए, ताकि रात्रि के समय सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। साथ ही टैग एवं रेडियम पट्टी के माध्यम से पशुओं की पहचान कर उनके मालिकों का पता लगाया जाए तथा उन्हें पशुओं को खुले में सड़कों पर नहीं छोड़ने की समझाइश दी जाए। यदि समझाइश के बाद भी लापरवाही बरती जाती है तो नियमानुसार संबंधित पशु मालिकों पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में स्थानीय नागरिकों एवं संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पशुपालन विभाग, यातायात पुलिस तथा संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मुख्य मार्गों और सड़कों से घूमंतू पशुओं को हटाने की प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को पशु क्रूरता की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने, पशु संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी पालन कराने तथा आमजन में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में पशुपालन विभाग के उप संचालक डा. अंजना नायडू ने बताया कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 अंतर्गत अशक्त पशुओं को सड़क पर छोड़ने अथवा दुष्प्रेरित करने पर अर्थदण्ड का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिले के 2073 पशुओं पर टेगिंग लगाया गया तथा 7719 पशुओं को विस्थापित करते हुए 1 लाख 67 हजार 830 रुपए जुर्माना लगाया गया है।

वहीं 3028 पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 6 गोधाम संचालन की स्वीकृति दी गई है। आवारा श्वानों तथा पालतू श्वानों में पशु चिकित्सालय द्वारा टीकाकरण, बधियाकरण उपचार कार्य किया जा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी महासमुंद द्वारा पशु जन्म नियंत्रण केंद्र तुमाडबरी में प्रारंभ होने की जानकारी दी गई। बैठक में जिले में संचालित गौशालाओं, पशु आश्रय स्थलों, पशु चिकित्सा सेवाओं, आवारा एवं निराश्रित पशुओं के प्रबंधन तथा पशु कल्याण संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई।

## जोन 7 में वेंडिंग कमेटी गठित, जल्द होगा जोन स्तर पर वेंडरों का सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पीएम स्वनिधि के इच्छुक हितग्राहियों से भराए जाएंगे फार्म
- पार्षदों की सहमति से जोन की बैठक में हुआ निर्णय
- स्थानीय वेंडरों को मिलेगी प्राथमिकता

रायपुर नगर निगम के जोन 7 कमिश्नरी ने जोन स्तर पर वेंडिंग कमेटी का गठन कर लिया है। जोन के 7 वार्डों में वेंडरों को चिन्हांकित करने जोन स्तर पर जल्द सर्वे कराया जाएगा। वार्ड पार्षदों की सहमति से यह निर्णय हुआ कि स्ट्रीट वेंडरों की पहचान करने स्थल सर्वे कर संबंधित वेंडरों से दस्तावेज जमा कराया जाएगा। वेंडरों के चिन्हांकन में स्थानीय को प्राथमिकता दी जाएगी। जोन कमिश्नर डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि वेंडरों के सर्वे के दौरान यह प्रयास रहेगा कि पीएम स्वनिधि में स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक हितग्राहियों का मार्गदर्शन कर फार्म भराए जाएंगे।

नगर निगम जोन 7 के वार्डों में फुटकर विक्रेताओं को सम्मानपूर्वक आजीविका का अवसर देने नगर निगम जोन स्तर पर जल्द सर्वे कराएगा। जोन के वार्ड पार्षदों के साथ हुई बैठक में पार्षदों से चर्चा के बाद सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया है। आमानाका वेंडिंग जोन को किसी बड़ी विज्ञापन एजेंसी के माध्यम से विकसित करने, और जोन 7 क्षेत्र के वेंडिंग जोन में किसी एक वेंडिंग जोन को सीएसआर मद के माध्यम से विकसित करने पर सहमति बनी है। विदित हो कि आमानाका वेंडिंग जोन एक अरसे से वीरान पड़ा हुआ है, ऐसे में जोन स्तर पर वेंडिंग जोन को सुव्यवस्थित करने निगम के उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्य योजना बनाने की तैयारी है।

## एमएसएमई, स्टील उद्योगों में अब एलपीजी गैस संकट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के एमएसएमई यानी लघु उद्योगों के साथ ही स्टील उद्योगों से जुड़े मिनी स्टील प्लांट, रोलिंग मिल और स्पंज आयरन को अब भरपूर एलपीजी गैस सिलेंडर मिलने के कारण राहत है। ऐसे में जो उत्पादन पहले प्रभावित हो गया था, वह अब वापस पूरी तरह से पटरी पर लौट आया है।

एलपीजी गैस सिलेंडरों को लेकर अब हाहाकार पूरी तरह से खत्म हो गया है। अब घरेलू गैस सिलेंडरों को लेकर भी कोई मारा मारी नहीं है। इसी के साथ कमर्शियल गैस सिलेंडरों को लेकर भी अब कोई परेशानी नहीं है। उद्योगों को अब पहले की तरह ही जितने सिलेंडरों की जरूरत है, उतने मिल जा रहे हैं।

### कोई कमी नहीं

रोलिंग मीलों को हर माह तीन से साढ़े तीन हजार सिलेंडर लगते हैं। इस समय तो कोई कमी नहीं है। आने वाले समय में फिर से युद्ध के कारण संकट होने पर परेशानी हो सकती है।
- **संजय त्रिपाठी**, अध्यक्ष, रोलिंग मिल एसोसिएशन

### इन उद्योगों के लिए जरूरी

एलपीजी गैस सिलेंडर की जरूरत लघु उद्योगों में इंजीनियरिंग का काम करने वालों को ज्यादा पड़ती है। इन उद्योगों से जुड़े लोगों का कहना है कि सही संख्या का बता पाना संभव नहीं है, उद्योगों के हिसाब से किसी को एक दिन में एक सिलेंडर लगता है तो किसी को उसके काम के हिसाब से पांच से दस सिलेंडर भी लग जाते हैं। इसी के साथ मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिलों में सरिया बनाने के काम आने वाले बिलेट की कटिंग करने के लिए गैस सिलेंडर की जरूरत पड़ती है। मिनी स्टील प्लांट और रोलिंग मिल का कारोबार करने वालों के मुताबिक एक छोटे उद्योग को हर माह 15 से 25 सिलेंडरों की जरूरत पड़ती है। स्पंज आयरन उद्योग को भी गैस सिलेंडर लगते हैं। प्रदेश में 150 रोलिंग मिल, 120 मिनी स्टील प्लांट और 70 स्पंज आयरन उद्योगों के साथ भारी संख्या में एमएसएमई के उद्योग हैं। रोलिंग मिल संघ ने संकट के समय शासन को लिखित में बताया था कि उनको हर माह करीब तीन से साढ़े तीन हजार सिलेंडर लगते हैं। यानी रोज के सौ सिलेंडर लगते हैं। पहले इनको रोज 10 से 15 सिलेंडर ही मिल पा रहे थे, इसके बाद रोज 70 से 75 सिलेंडर मिलने लगे और अब जितने की जरूरत है उतने मिल रहे हैं।

## सीजीएमसी में पांच साल बाद चुनाव की सुगबुगाहट, ऑनलाइन मतदान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- पांच सदस्यों का होगा चुनाव, सदस्यों को पता अपडेट कराने पर जोर
- प्रति हजार एक सदस्य निर्वाचित करने की उठी डिमांड, अध्यक्ष को पत्र

छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पांच साल बाद पांच सदस्यों के चुनाव की सुगबुगाहट बढ़ गई है। सीजीएमसी ने सभी सदस्यों को अपना पता अपडेट कराने का मौका दिया है, जिससे सही ठिकाने पर पोस्टल बैलेट भेजा जा सके। चुनाव का शेड्यूल अभी तय नहीं है, मगर प्रक्रिया ऑनलाइन कराने, प्रति हजार एक सदस्य निर्वाचित करने और पता अपडेट कराने की तारीख बढ़ाने की मांग उठने लगी है।

छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल का काम चिकित्सा व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना है। काउंसिल चिकित्सा से जुड़ी शिकायतों के समाधान काम भी करती है। वर्तमान में सीजीएमसी के पास करीब 18 हजार डाक्टर पंजीकृत हैं। काउंसिल में पांच सदस्यों का चयन निर्वाचन प्रक्रिया से किया जाता है। पिछली बार वर्ष 2019 में सदस्यों का चुनाव हुआ था और पांच साल बाद इसकी पुनः तैयारी की जा रही है। सीजीएमसी ने निर्वाचन प्रक्रिया का हवाला देकर सदस्यों को अपना पता अपडेट करने का मौका दिया है। तर्क दिया गया है कि उनके पते पर पोस्टल बैलेट भेजा जाएगा, जिसके माध्यम से उन्हें सदस्यों का चुनाव करना होगा। चुनाव पर फिलहाल कोई शेड्यूल जारी नहीं किया गया है, मगर चिकित्सकों के बीच इसकी सुगबुगाहट शुरू हो गई है। चिकित्सकों ने तर्क दिया है कि पोस्टल बैलेट की वजह से कई लोग मतदान से चूक जाते हैं, इसलिए प्रक्रिया को ऑनलाइन माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। साथ ही सदस्यों की संख्या पांच से बढ़ाकर प्रति हजार डाक्टरों के पीछे एक सदस्य के हिसाब से तय की जानी चाहिए। एक महत्वपूर्ण मांग में सदस्यों का पता संशोधन कराने की अंतिम तारीख को कम से कम दो महीने बढ़ाया जाना चाहिए।

**चुनाव के लिए वक्त देने की मांग :** अध्यक्ष डा. रेशम सिंह, सीजीडीएफ के डा. हीरा सिंह के नेतृत्व में जूनियर डाक्टर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए मेडिकल काउंसिल के अध्यम को सुझाव पत्र सौंपा है। इसमें मांग की गई है कि पता संशोधन की अवधि कम से कम 1-2 माह तक बढ़ाया जाए। चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद कम से कम 2-3 माह का समय उपलब्ध कराया जाए। इससे इच्छुक प्रत्याशी प्रदेशभर के पंजीकृत सदस्यों तक अपने विचार, दृष्टिकोण एवं कार्ययोजना प्रभावी रूप से पहुंचा सकेंगे। ऐसी चुनाव प्रणाली विकसित की जाए जिसमें प्रत्येक पंजीकृत सदस्य बिना किसी भौगोलिक, तकनीकी अथवा डाक संबंधी बाधा के अपने मताधिकार का स्वतंत्र एवं सुरक्षित रूप से प्रयोग कर सके। साथ ही 'मनोनीत शासकीय सदस्य का भी प्रत्यक्ष निर्वाचन कराया जाए जिससे परिषद की लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक मजबूत हो।

## खबर संक्षेप



### सीएम हेल्पलाइन में शिकायत का त्वरित निराकरण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनहितकारी पहल सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। महासमुंद नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 23, पंजाबी पारा के रहवासियों ने क्षेत्र की जर्जर एवं टूटी हुई सीसी रोड के संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराया था। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके का निरीक्षण एवं मुआयना किया गया। निरीक्षण में सड़क के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि होने पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सीसी रोड निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया गया। सड़क निर्माण होने से अब वार्डवासियों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिली है। विशेषकर बारिश के मौसम में कीचड़ और जलभराव की समस्या से भी लोगों को निजात मिलेगी। स्थानीय नागरिकों ने समयबद्ध कार्रवाई और समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा 31 तक

**महासमुंद।** खरीफ मौसम वर्ष 2026-27 के अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना छत्तीसगढ़ में लागू कर दी गई है। इसके तहत महासमुंद जिले के उद्यानिकी फसल उत्पादक किसानों से 31 जुलाई 2026 तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। सहायक संचालक उद्यान पायल साव ने बताया कि योजना के अंतर्गत टमाटर, बैंगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक जैसी अधिसूचित उद्यानिकी फसलों का बीमा कराया जा सकता है।

**चर्चा:** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

# विकास कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और समय सीमा का पालन करें: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद ने सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध प्रगति तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बैठक में वीबी-जी राम जी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों तथा ग्रामीण अधोसंरचना से संबंधित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।

सीईओ ने प्रत्येक योजना की वर्तमान प्रगति, लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि तथा लंबित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ अनुपमा आनंद ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने, नियमित मैदानी निरीक्षण करने तथा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समयसीमा में पूर्ण कराने, मनरेगा के तहत रोजगार सृजन एवं स्वीकृत कार्यों को गति देने, स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति तथा एनआरएलएम के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं आवश्यक समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आरईएस के एसडीओ, मनरेगा एवं ग्राम पंचायत शाखा के कार्यक्रम अधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक समन्वयक तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की अद्यतन प्रगति प्रस्तुत की, जिस पर विस्तृत चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना निर्धारित की गई।

# बीटीआई रोड पर जगह-जगह गड्ढे, मरम्मत के लिए नपाध्यक्ष निखिल ने ईई से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- रोजाना इसी सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों को भारी दिक्कतों का करना पड़ रहा है सामना



शहर के प्रमुख मार्गों में से एक बीटीआई रोड चौड़ीकरण कार्य के कारण आमजनों को हो रही भारी परेशानी को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने संज्ञान लेते हुए जनहित में संवेदनशील पहल की है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता से चर्चा कर इस व्यस्ततम मार्ग की शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं, ताकि बारिश के मौसम में भी लोगों का आवागमन बाधित न हो। वर्तमान में बीटीआई रोड पर चौड़ीकरण का कार्य जारी है। निर्माण के लिए सड़क को उखाड़कर गिट्टी बिछाई जा चुकी है और रोलर भी चलाया जा चुका है। लेकिन यह मार्ग शहर का सबसे व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां हर समय वाहनों का दबाव बना रहता है। इसी वजह से नई बिछी गिट्टी उखड़ गई है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बरसात शुरू होने से निर्माण कार्य भी रोकना पड़ा है। नतीजा यह है कि रोजाना इसी सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से कलेक्ट्रेट आने वाले फरियादी, न्यायालय जाने वाले वादकारी और अधिवक्ता, सरकारी कार्यालयों में काम से आने वाले कर्मचारी तथा आसपास के दर्जनों गांवों से पढ़ाई और उपचार के लिए महासमुंद आने वाले स्कूली बच्चे और ग्रामीण सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दोपहिया वाहन चालक गड्ढों के कारण कई बार गिरते-गिरते बचते हैं। एम्बुलेंस और आपातकालीन वाहनों को भी समय पर निकलने में परेशानी हो रही है। बारिश में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और बदतर हो जाती है। आम नागरिकों की परेशानियों को देखते हुए अध्यक्ष साहू ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पीडब्ल्यूडी के ईई से विस्तार से चर्चा की। चर्चा में उन्होंने दो बातों पर विशेष जोर दिया। पहला, शास्त्री चौक से कलेक्टर कार्यालय तक के मार्ग पर जहां सबसे अधिक गड्ढे हैं, वहां तत्काल पैचवर्क कर मरम्मत की जाए। दूसरा, जब तक मानसून के बाद स्थायी चौड़ीकरण कार्य शुरू नहीं होता, तब तक आवागमन सुचारू रखने के लिए समय समय पर मार्ग पर निगरानी रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को इस जरूरी मार्ग पर असुविधा नहीं होनी चाहिए। साहू ने कहा कि बीटीआई रोड केवल एक सड़क नहीं है, यह आम आदमी की शासन तक पहुंच का रास्ता है। इसलिए इस मार्ग को हर हाल में आवागमन योग्य बनाए रखना विभाग की नैतिक जिम्मेदारी है। अध्यक्ष से चर्चा के बाद विभाग ने शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया है।

# प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शाहबाज राजवानी ने कलेक्टर महासमुंद को पत्र सौंपकर जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अनिवार्य रूप से संचालित किए जाने एवं अभिभावकों को विशेष दुकानों से पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने के मामले को लेकर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शाहबाज ने कहा कि लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि कई निजी स्कूल शासन एवं शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनदेखी करते हुए छत्तीसगढ़ बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशनों की पुस्तकें संचालित कर रहे हैं। साथ ही अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालते हुए उन्हें निर्धारित दुकानों से ही पुस्तकें एवं शैक्षणिक सामग्री खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है।

उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जांच के दौरान केवल विद्यालय प्रबंधन के प्रस्तुत दस्तावेजों पर निर्भर न रहकर संबंधित विद्यालयों की कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों की पुस्तकों, कॉपियों एवं अध्ययन सामग्री का प्रत्यक्ष निरीक्षण कराया जाए, जिससे वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि जांच में अनियमितताएं पाई जाती हैं तो संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की रक्षा हो सके और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बनी रहे। इस अवसर पर एनएसयूआई ने जिला प्रशासन से इस गंभीर विषय पर शीघ्र संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# गोंड समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक और भाषाई पहचान पर राष्ट्रीय कार्यशाला में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

अखिल भारतीय गोंडवाना गोंड महासभा द्वारा आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नया रायपुर (छत्तीसगढ़) में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधियों, समाज के वरिष्ठजनों, बुद्धिजीवियों, शोधकर्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य गोंड समाज की धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक पहचान पर गंभीर चिंतन करना तथा भावी पीढ़ी के लिए एक स्पष्ट दिशा निर्धारित करना था।

कार्यशाला में गोंड समाज की धार्मिक पहचान पर विस्तृत चर्चा हुई। अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि गोंड समाज की अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा, जीवन-दर्शन, संस्कृति और आध्यात्मिक व्यवस्था है, जिसे गोंडी धर्म के नाम से जाना जाता है। इसलिए गोंड समाज की धार्मिक पहचान को उसी रूप में स्थापित, संरक्षित और सम्मानित किया जाना चाहिए।

चर्चा के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि अनुसूचित जनजाति (एसटी) भारतीय संविधान के अंतर्गत एक प्रशासनिक एवं संवैधानिक श्रेणी है, धर्म नहीं। किसी भी समाज का धर्म उसकी अपनी आस्था, संस्कृति, परंपरा और जीवन-दर्शन से निर्धारित होता है। इसलिए गोंड समाज की धार्मिक पहचान को उसकी ऐतिहासिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के आधार पर समझा जाना चाहिए।

कार्यशाला में 'आदिवासी' शब्द पर भी गंभीर विचार-विमर्श हुआ। इस विषय पर विभिन्न प्रतिभागियों ने अलग-अलग दृष्टिकोण रखें। अनेक प्रतिभागियों का मत था कि 'आदिवासी' मूल निवासी समुदायों की व्यापक पहचान का प्रतीक है, जबकि किसी समाज का धर्म उसकी अपनी परंपरा और आस्था से निर्धारित होता है। इसलिए गोंड समाज की धार्मिक पहचान को गोंडी धर्म के रूप में संरक्षित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। विचार-विमर्श के दौरान यह चिंता भी व्यक्त की गई कि आज गोंड समाज का एक बड़ा वर्ग अपनी गोंडी भाषा से दूर होता जा रहा है। भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि किसी समाज की संस्कृति, इतिहास, ज्ञान और पहचान की आत्मा होती है। यदि भाषा समाप्त होती है, तो धीरे-धीरे समाज की परंपराएं, लोकज्ञान, धार्मिक विधियां और सांस्कृतिक धरोहर भी कमजोर होने लगती हैं। इसलिए कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि समाज का प्रत्येक परिवार अपने बच्चों को गोंडी भाषा सिखाए, घर-परिवार में उसका प्रयोग बढ़ाए तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी मातृभाषा से जोड़े। भाषा का संरक्षण ही संस्कृति और धर्म के संरक्षण का सबसे मजबूत आधार है।

कार्यशाला में यह आत्मचिंतन भी किया गया कि आज अनेक सामाजिक और धार्मिक संस्कारों के लिए गोंड समाज को दूसरे समुदायों के पुरोहितों पर निर्भर होना पड़ता है। यह स्थिति इसलिए बनी क्योंकि हमने धीरे-धीरे अपने पारंपरिक ज्ञान, धार्मिक विधियों और सांस्कृतिक शिक्षा को आगे बढ़ाना कम कर दिया। आवश्यकता इस बात की है कि समाज के युवा अपने पारंपरिक धर्म, संस्कार, रीति-रिवाज और धार्मिक विधानों का अध्ययन करें तथा समाज के ज्ञानवान बुजुर्गों से सीखकर उन्हें आगे बढ़ाएँ। कार्यशाला का निष्कर्ष यही रहा कि यदि गोंड समाज को अपनी पहचान मजबूत करनी है, तो केवल धार्मिक पहचान की चर्चा पर्याप्त नहीं होगी। इसके लिए गोंडी भाषा, गोंडी धर्म (कोया पुनेम), रीति-रिवाज, संस्कृति, इतिहास, पारंपरिक ज्ञान और सामाजिक संगठन इन सभी क्षेत्रों में एक साथ कार्य करना होगा। जब समाज अपनी भाषा बोलेगा, अपनी संस्कृति को अपनाएगा, अपने धर्म को समझेगा और अपनी परंपराओं का पालन करेगा, तभी आने वाली पीढ़ी अपनी वास्तविक पहचान को सुरक्षित रख सकेगाr।




# राज्य के 660 वैद्यों का सर्टिफिकेशन कराने का है लक्ष्य : विकास मरकाम

## राज्य बनने के बाद पहली बार महासमुंद में जिला स्तरीय वैद्य सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड (छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग) की ओर से महासमुंद वनमंडल द्वारा जिला स्तरीय वैद्य सम्मेलन का आयोजन वन विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम की प्रथम दीर्घा में पौधरोपण किया गया, जिसके अंतर्गत बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने लाल चंदन, उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने लक्ष्मी तरू तथा बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने रीठा के पौधों का रोपण वन विद्यालय परिसर किया।

कार्यक्रम की द्वितीय दीर्घा में वैद्य सम्मेलन कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम एवं उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात वनमंडल अधिकारी मयंक पांडे द्वारा अध्यक्ष विकास मरकाम, उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला एवं बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। स्वागत उदबोधन में महासमुंद वनमंडल अधिकारी मयंक पांडे ने सभी अतिथियों एवं वैद्यों का सम्मेलन में स्वागत करते हुए बताया कि महासमुंद वनमंडल द्वारा वनों में वन औषधियों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सतत औषधि पौधों का रोपण वनों में किया जाता है ।

उदबोधन की अगली कड़ी में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राव ने बोर्ड द्वारा वैद्यौं के हितकारी अन्य योजनाओ की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि वैद्यों को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते है, जिसमें प्रमुख है औषधि पौधों की खेती एवं विनाश विहीन विदोहन तकनीक। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड वैद्यों के लिए विशेष रूप से हीलर हर्बल गार्डन योजना भी चलाई जा रही है, जिसके माध्यम से वैद्यों को उनकी ही बाड़ी में आम तौर पर उपयोग होने वाली वनौषधियों का छोटा सा उद्यान बना सकते हैं, जिसके लिए बोर्ड द्वारा आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग दिया जाता है। साथ ही बोर्ड द्वारा वैद्यों के निवास ग्राम में संचालित स्कूल में स्कूल हर्बल गार्डन तैयार करने तथा उसकी देखरेख करने के लिए तकनीकी एवं आर्थिक मदद भी प्रदान की जाती हैं। साथ ही बोर्ड द्वारा छत्तीसगढ़ के वैद्यों के आर्थिक रूप से सक्षम न होने कारण उच्च गुणवत्ता की जड़ी-बूटियों को पिसने हेतु निःशुल्क पलवालाईजर मशीन वैद्यों के समूहों को उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका लाभ वैद्यगण समूह के माध्यम से ले सकते हैं। कार्यक्रम में वैद्यों ने आपस में अपने पारंपरिक जड़ी बूटियों के उपचार के ज्ञान को साझा भी किया। वैद्यों ने आवश्यकता अनुसार वनों से जड़ी-बूटी लाने के लिए वन विभाग के कर्मचारियों से सहयोग प्रदान करने की मांग की। कार्यक्रम में बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला ने वेदों की समस्या के समाधान के लिए कार्यक्रम उपस्थित वनमंडल अधिकारी से आग्रह किया, किसका तत्काल समाधान करते हुए वनमंडल अधिकारी पांडे ने आश्वासन दिया कि वैद्यगण वन अधिकारियों से अनुमति लेने के बाद अगर वनों में जाएंगे तो उनका सहयोग किया जाएगा। तत्पश्चात बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने अपने उदबोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी एवं वैद्यों ने आज भी हमारी प्राचीन परंपराओं, दैनिक दिनचर्या, हमारी परंपरागत भोजन पद्धति, स्वास्थ्य परंपराओं, उपचार पद्धतियों एवं पारम्परिक ज्ञान को जीवित रखा हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि बोर्ड की योजनाओं का लाभ राज्य सुदुर अंचल के वैद्यों को पहुंचाने के लिए राज्य के सभी जिलों में वैद्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष सभी 33 जिलों से करीब 660 वैद्यों जिसमें एक जिले से लगभग 20 को क्यूसीआई के माध्यम से उनके पारंपरिक ज्ञान से उपचार पद्धति का प्रमाण पत्र दिलाने की लिए कार्य किया जाएगा।

वैद्य सम्मेलन में बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव, महासमुंद वनमंडल अधिकारी मयंक पांडे, संयुक्त वन मंडल अधिकारी डिंपी बैस, उपवन मंडल अधिकारी गोविंद सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी सियाराम करमाकर, वन मंडल के सभी परिक्षेत्र अधिकारी, महासमुंद जिले के वैद्य गन्नू प्रभाकर, वैद्य हिमालय प्रधान, वैद्य देवनाथ निषाद, वैद्य निकेश ध्रुव, वैद्य श्याम लाल यादव, वैद्य सोहनलाल साहू, वैद्य दउवा राम निषाद के साथ 50 वैद्य एवं वन प्रबंधन समितियां के 200 सदस्य सहित महासमुंद वनमंडल तथा बोर्ड के कर्मचारी उपस्थित रहे।



### हरी खाद ढेंचा अपनाकर कृषक प्रफुल्ल ने बढ़ाई मिट्टी की उर्वरता

#### अन्य किसानों के लिए बने प्रेरणा

**महासमुंद।** विकासखंड बसना के ग्राम दूधीपाली के प्रगतिशील कृषक प्रफुल्ल साहू ने खरीफ मौसम से पूर्व अपने खेत में हरी खाद ढेंचा की खेती कर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल की है।

कृषक साहू ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में में अपने 25 एकड़ खते में ढेंचा की बुवाई की। लगभग 45-50 दिन बाद ढेंचा की फसल को खेत में पलटकर हरी खाद के रूप में उपयोग किया गया। इससे खेत में पर्याप्त जैविक पदार्थ एवं नाइट्रोजन की उपलब्धता बढ़ी, मिट्टी की संरचना में सुधार हुआ तथा आगामी फसल के लिए भूमि अधिक उपजाऊ हो गई है। कृषक प्रफुल्ल साहू ने बताया कि हरी खाद के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है, मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है तथा फसल की बेहतर वृद्धि में सहायता मिलती है। उन्होंने अन्य किसानों से भी अपने खेतों में ढेंचा जैसी हरी खाद का उपयोग करने की अपील की। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरी खाद का प्रयोग टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का प्रभावी उपाय है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति लंबे समय तक बनी रहती है और उत्पादन लागत में भी कमी आती है। विभाग किसानों को हरी खाद अपनाने के लिए लगातार प्रेरित एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।



## खबर संक्षेप



### माता पार्वती जयंती पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता पार्वती जयंती पर्व पर पूजा-अर्चना की गई। हिंदू धर्म का एक अत्यंत पावन और आध्यात्मिक पर्व है, जो माता पार्वती के जयंती को जन्म उत्सव के रूप में माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु माता पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं तथा सुखी वैवाहिक जीवन, उत्तम स्वास्थ्य, परिवार की समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की कामना करते हैं। माता पार्वती को शक्ति, प्रेम, त्याग, करुणा और अटूट तपस्या का प्रतीक माना जाता है। वे भगवान शिव की अर्धांगिनी तथा समस्त संसार की जगत जननी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, बबली चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर उपस्थित थे।

### सामान्य सभा की बैठक 24 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत महासमुंद के सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 24 जुलाई को दोपहर 02 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। बैठक में 16वें वित्त आयोग अंतर्गत विकास योजना निर्माण एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे बैठक में अपने विभाग की अद्यतन जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

### मानिक को प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ में सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ किसान प्रकोष्ठ द्वारा संगठन की कार्यकारिणी का गठन करते हुए



जिले के मानिक साहू को किसान प्रकोष्ठ में सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन द्वारा जारी मनोनयन सूची में मानिक साहू का नाम शामिल करते हुए उन्हें यह दायित्व प्रदान किया गया है। मानिक साहू ने इस जिम्मेदारी के लिए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और किसानों के हित में निरंतर कार्य करते हुए उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। साहू के मनोनयन पर क्षेत्र के दिग्विजय साहू, गजेंद्र, भूपेंद्र, लेखराम, द्वारिका, भोज, कुलेश्वर, बलराम, रोहित, संतोष, भूषण, भवानी, कमलू भरत, मिथलेश, टोहल कुमार, देवलाल, नरेंद्र पुष्कर सहित किसान एवं सामाजिकजनों ने हर्ष जताया है।

# शंकराचार्य का चातुर्मास सलधा में, आयोजन समिति ने नगरवासियों को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

परमधर्माधीश उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का चातुर्मास व्रत अनुष्ठान महामहोत्सव बेमेतरा के सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में आयोजित होने जा रहा है। इसकी जानकारी देने व कार्यक्रम में शामिल होने नगरवासियों को आमंत्रित करने चातुर्मास आयोजन समिति व स्वामी शंकराचार्य के शिष्य आनंद उपाध्याय महासमुंद पहुंचे थे।

नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास में नगरवासियों को आमंत्रित करते हुए कहा कि कलिकाल में राजसूय और अश्वमेध यज्ञ अनुष्ठत नहीं हो सकता, लेकिन शास्त्रों में इसे प्राप्त करने का विधान बताया गया है। चातुर्मास के दौरान दांडी साधु संतों की तन मन धन से जो सेवा करता है उसे दोनों यज्ञ का फल प्राप्त हो जाता है। यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ में किसी शंकराचार्य का चातुर्मास हो रहा है। पंडित पंकज तिवारी को नगरवासियों को आमंत्रित करने का जिम्मा सौंपते हुए उन्होंने कहा कि इस पुनीत कार्य में अधिक से अधिक लोग शामिल हो और इसका आमंत्रण घर-घर पहुंचे। शंकराचार्य महाराज चातुर्मास 29 जुलाई से 26 सितंबर तक आयोजित है। समय काल परिस्थिति के अनुसार दो माह के इस आयोजन में प्रत्येक पक्ष को एक-एक मास माना गया है। चातुर्मास अवधि में प्रतिदिन पंचदेव पूजा की जाएगी सुबह 4:30 बजे गणेश पूजन, प्रातः 6.75 बजे सूर्य पूजन, 9.45 बजे विष्णु पूजन, अपरान्ह



3.45 बजे शिव पूजन और शाम 6.45 शक्ति पूजन किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिदिन सुबह 8 से 9:30 बजे तक वेदांत पाठ और शाम 4 से 6 तक शंकराचार्य महाराज का प्रवचन होगा। साथ ही 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा, 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या, 14 अगस्त को करपात्री जयंती, 19 अगस्त को गोस्वामी तुलसीदास जयंती, 28 अगस्त को रक्षा सूत्र बंधन, 4 सितंबर को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव तथा 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी व्रत भी मनाया जाएगा। पश्चात 26 सितंबर को चातुर्मास व्रत समापनोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी के निवास में गिरजाशंकर चंद्राकर, मूलचंद लढ्ढा, आकाश पांडेय, ऐश्वर्या तिवारी, तारा चंद्राकर, मीना चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, बाबूलाल साहू, चंदन गोस्वामी आदि मौजूद थे।

### एक साथ सवा लाख शिवलिंग के दर्शन होंगे

सलधा में सवा लाख शिवलिंग स्थापित करने और भव्य मंदिर निर्माण करने के लिए जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती महाराज और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में आधारशिला रखी गई थी। यहां भव्य मंदिर निर्माण किया जा रहा है, मंदिर में सवा लाख शिवलिंग की स्थापना की जा रही है। लगभग 5 एकड़ भूमि में मंदिर निर्माण हो रहा है। मंदिर परिसर में सौर ऊर्जा से बिजली की व्यवस्था की जाएगी। 5 हजार लोग एक साथ मंदिर परिसर में खड़े हो सकेंगे। यहां एशिया का सबसे बड़ा शिव मंदिर स्थापित किया जा रहा है मंदिर में आए भक्तों को एक साथ सवा लाख शिवलिंग के दर्शन होंगे। 6 मार्च 2027 से महाशिवरात्रि अवसर पर शिवलिंग स्थापना मुहूर्त आरंभ होगा। इस पुनीत कार्य में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है समिति द्वारा एक शिवलिंग के लिए 51 सौ की राशि निर्धारित की गई है और शिवलिंग उन्हीं की आराध्य के नाम से रखा जाएगा जैसे राम के नाम पर रामेश्वर।

## चर्चा: कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए खाता विभाजन जैसे प्रकरणों का तत्काल निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 626 प्रकरणों का फीडबैक सहित निराकरण किया गया है। जिले में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत 3041 शिकायत प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी के लिए निर्देश दिए हैं, उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमापूर्ण तरीके से स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा।

कलेक्टर लंगेह ने वर्षा की स्थिति को देखते हुए कृषि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को खरीफ सीजन में धान के बदले दलहन, तिलहन फसलों को प्राथमिकता देने प्रोत्साहित करें। साथ ही प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा हरी खाद के उपयोग को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करने तथा यूरिया एवं डीएपी के संतुलित उपयोग के साथ नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष किसानों एवं वनाधिकार पट्टाधारकों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है। बैठक में राजस्व विभाग को खाता विभागजन के निर्देश दिए। साथ ही सेवा सेतु पोर्टल, नक्शा बटांकन, नामांकन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### जिले में कुल 81 हजार 574 मीट्रिक टन खाद का भंडारण

कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को यूरिया का आवश्यकतानुसार एकमुश्त मात्रा में प्रदान किया जाए, शेष खाद निर्देशानुसार प्रदान करें। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 81 हजार 574 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जिसमें 63 हजार मीट्रिक टन का वितरण किया गया है। वहीं धान के बदले अन्य फसल के मामले में 7 हजार 700 हेक्टेयर रकबे का चिन्हांकन कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, इसमें खाता विभाजन के प्रकरणों को विशेष महत्व दें। संस्थागत पंजीयन के मामले को भी प्राथमिकता से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को समसामयिक सलाह देते रहें। कलेक्टर ने खाद के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को समय-समय में खाद वितरण की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद द्वारा वीबी-जीरामजी, एनआरएलएम आदि की समीक्षा की गई।

## जिला अस्पताल में प्रसूता की मौत ने खोली सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल अब जवाबदेही तय करे सरकार: कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर लगाया गंभीर प्रश्नचिन्ह

महासमुंद के शासकीय जिला चिकित्सालय (मेडिकल कॉलेज) में प्रसव के दो दिन बाद एक महिला की हुई मृत्यु ने सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। यह केवल एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए चेतावनी है। यदि उपचार में किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होना आवश्यक है।



पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण कुमार (कृष्णा) चंद्राकर ने कहा कि अस्पताल में आने वाला हर मरीज इस विश्वास के साथ आता है कि उसे समय पर और बेहतर इलाज मिलेगा। यदि किसी मरीज की जान उपचार में देरी, समुचित निगरानी के अभाव या प्रशासनिक लापरवाही के कारण चली जाती है, तो यह केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की विफलता है। उन्होंने कहा कि यदि जिला अस्पताल में मरीज का समुचित इलाज संभव नहीं था, तो उसे समय रहते उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर क्यों नहीं किया गया? प्रसव जैसी संवेदनशील स्थिति में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित निगरानी क्यों नहीं थी? इन सभी सवालों का जवाब स्वास्थ्य विभाग को जनता के सामने देना चाहिए।

चंद्राकर ने कहा कि सरकार केवल जांच की औपचारिकता पूरी करने तक सीमित न रहे, बल्कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में किसी भी मरीज को ऐसी लापरवाही का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग की कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित उपलब्धता, मरीजों की सतत निगरानी, रेफरल प्रणाली को प्रभावी बनाने, जवाबदेही तय करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में तत्काल सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। एक महिला की मौत केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र के लिए चेतावनी है। यदि इस घटना से भी सरकार और स्वास्थ्य विभाग नहीं जागे, तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी।

अब समय आ गया है कि जवाबदेही तय हो और सरकारी अस्पतालों में जनता का विश्वास फिर से स्थापित किया जाए।



### भामिनी ने जिपं सीईओ से की सप्रेम भेंट

**महासमुंद।** सांसद प्रतिनिधि व ग्राम पंचायत बेलसोंडा की पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुपमा आनंद से सप्रेम मुलाक़ात की। पूर्व सरपंच भामिनी पोखन चंद्राकर ने सीईओ को पुष्पगुच्छ भेंटकर जिला पंचायत महासमुंद की प्रथम महिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर हर्ष जताया। भामिनी के साथ जनसेविका एवं ब्रम्हाकुमारी माउंट आबू मधुबन की कुरुद इकाई की सहायक संचालिका उत्तरा चंद्राकर उपस्थित रही।

### शेर स्कूल में छात्रसभा का हुआ गठन

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में सत्र 2026- 27 के लिए छात्र संघ पदाधिकारियों व कक्षा नायक का मनोनयन उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर प्राचार्य के निर्देशन में प्रभारी शिक्षक नरेश विश्वकर्मा व रोहित मिश्रा द्वारा किया गया। छात्रसंघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह विद्यालय प्रांगण में प्रचार्या एसबी लाल द्वारा पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष ममता साहू, उपाध्यक्ष डॉली ध्रुव, सचिव ऐश्वर्या, सहसचिव खुशी, संस्कृतिक प्रभारी नेहा, भुनेश्वरी, खुशबू, अभिषेक, क्रीड़ा प्रभारी समीर फ़लेश्वरी स्वछता प्रभारी मोहित, हिमांशु, दीक्षा, अनुशासन प्रभारी मयंक, चित्रांश, भुनेश्वरी, दीप्ति, कक्षा नायक 6वी वाणी 7वीं नूतन 8वीं मोरध्वज 9वी अ कृति 9वी राधिका 9वीं स सिमरन 9वी द हिमांशी 10वी अ लोकेश्वर 10वी बी आकांक्षा 11वी अ लक्ष्मी 11वी बी राकेश 12वी अ नेहा 12वी ब लीना शामिल है।

# पश्चिम बंगाल फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे आयुष

## सांकरा के लिए गौरव का क्षण, एमएम स्कूल रायपुर के छात्र ने बढ़ाया प्रदेश का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सांकरा के प्रतिष्ठित व्यवसायी कृष्ण कुमार शुक्ला व शिक्षिका पुष्पलता शुक्ला के सुपुत्र आयुष शुक्ला का चयन पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में हुआ है। वर्तमान में आयुष रायपुर स्थित एमएम स्कूल में कक्षा 9वीं के छात्र हैं। कम उम्र में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए उन्होंने यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है, जो न केवल उनके परिवार बल्कि सांकरा नगर, महासमुंद जिले और पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

आयुष पश्चिम बंगाल में आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। यह अवसर किसी भी खिलाड़ी के लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों का प्रतीक होता है। आयुष की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति, निरंतर मेहनत और उचित मार्गदर्शन मिले तो छोटे नगरों के विद्यार्थी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उनकी सफलता से सांकरा नगर सहित पूरे क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिलेगी तथा खेलों के प्रति उनका उत्साह और बढ़ेगा।




आयुष की इस उपलब्धि पर पर सांकरा के नागरिकों, खेल प्रेमियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा शुभचिंतकों ने हर्ष जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और खेल भावना से छत्तीसगढ़ का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे और प्रदेश के लिए विजय का परचम लहराएंगे। परिवार की ओर से भी आयुष को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि यह उपलब्धि उनके अथक परिश्रम, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। सभी की कामना है कि वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और भारत का गौरव बढ़ाएं। आयुष की यह उपलब्धि केवल एक खिलाड़ी की सफलता नहीं, बल्कि सांकरा नगर के युवाओं के सपनों, प्रतिभा और संकल्प का प्रतीक है।

# जिला साहू संघ ने मिशन शक्तिसेट में चयनित रागिनी का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला साहू संघ द्वारा साहू भवन पिटियाझर में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय चंद्र मिशन शक्तिसेट के लिए नेशनल फाइनलिस्ट में रागिनी साहू का चयन होने पर प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। इस मिशन में विश्व के 108 देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। भारत से 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ, जिसमें रागिनी साहू छत्तीसगढ़ की एकमात्र फाइनलिस्ट है।

रागिनी साहू जिला के अंतिम छोर में स्थित सेवाती की रहने वाली है। अभी वह आशीबाई गोलछा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में 12वीं विज्ञान की छात्रा है। रागिनी की इस उपलब्धि पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष ढालूराम साहू, पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, वरिष्ठ समाजसेवी मोती साहू ने हर्ष जताया है। जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू ने अपने उद्बोधन में समाज के सभी विद्यार्थियों को एक लक्ष्य बनाकर चलने के लिए प्रेरित किया, जिससे अपने सपनों को साकार कर सकें। पूर्व सांसद ने रागिनी को बधाई देते हुए बताया कि एक दूरस्थ अंचल की बिटिया अभावों में रहकर इस उपलब्धि को प्राप्त की है। येतराम साहू ने उपस्थित विद्यार्थियों को कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें निश्चित ही सफलता प्राप्त होगी। मोती साहू ने सफलता पाने के लिए समय सारिणी बनकर पढ़ाई करने प्रेरित किए। आठवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पिटियाझर की कुमकुम साहू



पिता मनोज साहू को भी मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका महासमुंद के नवनियुक्त एल्डरमैन मोहन साहू को समाज की ओर से शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के दिन पूर्व सांसद एवं साहू समाज के संरक्षक चुन्नी लाल साहू एवं साहू समाज के मीडिया प्रभारी टीकम साहू का जन्मदिवस होने पर साहू समाज के जिलाध्यक्ष एवं उपस्थित समाजजनों ने शाल, श्रीफल एवं मिठाई खिलाकर दोनों का जन्मदिवस मनाया। साहू समाज ने रागिनी साहू के प्राचार्य जीआर सिन्हा, व्याख्याता भौतिकी चंद्रशेखर मिथलेश के अथक प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें शाल व श्रीफल से सम्मानित किया। सम्मान समारोह के मंच से कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र साहू ने पिटियाझर ग्रामीण साहू समाज के 12वीं बायोलॉजी में 90 या उससे अधिक प्रतिशत लाने वाले विद्यार्थियों को इक्यावन हजार देने की घोषणा की।

सम्मान समारोह में उपाध्यक्ष झनक साहू, डॉ देवेंद्र साहू, महासचिव डॉ तरुण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष गोपा मोती साहू, सह संयोजक उमा साहू, सुधा साहू, जितेंद्र साहू, ग्रामीण अध्यक्ष राजेश साहू, जनपद सभापति महेंद्र साहू, प्रदेश संगठन सचिव अजय साहू, कोषाध्यक्ष केवल साहू, युवा अध्यक्ष मनीष साहू, महासचिव नंद कुमार साहू, संगठन सचिव अशोक साहू, गुहन साहू, भाजपा नेता पवन साहू, उतम साहू, सुभाष साहू, विकास साहू, हितेंद्र साहू, आत्माराम साहू, पवन साहू, कार्यालय प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, आशीष साहू, प्राचार्य जीआर सिन्हा, कोआर्डिनेटर चंद्रशेखर मिथलेश, बसंत जैन, तहसील अध्यक्ष मनोहर साहू, श्रीराम साहू, भैरोनाथ साहू, बहुर सिंह साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष नारायण साहू, केवल साहू सहित जिला एवं ग्राम के बहुत से सामाजिकजन उपस्थित थे।

